E-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–43/2023..........................**

**आदेश**

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–6754 दिनांक–04.09.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री सौरभ कुमार, (Emp. ID No.- AEN00480), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बांका द्वारा "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्री सौरभ कुमार के अपील की सुनवाई हेतु दिनांक–18.04.2024 को 04:00 बजे अपराह्न का समय निर्धारित की गई, जिसकी सूचना अपीलार्थी को ई–मेल के द्वारा प्रेषित की गयी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर वाद की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

अपील अभ्यावेदन पर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया है। उभय पक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया।

दाखिल अभ्यावेदन का संक्षिप्त निम्नवत है:–

श्री आकाश कुमार एवं श्री प्रवीण कुमार ग्राम+पो0–हरिपुर, थाना–बांका, जिला–बांका द्वारा ऑडियो क्लीप के साथ शिकायत दर्ज की गयी, जिसमें श्री सौरभ कुमार के विरूद्ध आरोप लगाया गया है, किये शिकायतकर्त्ता से क्रमशः 1000 एवं 4000–5000/रूपये रिश्वत की मांग कर रहे है। बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका द्वारा मामले पर संज्ञान लेते हुए तथ्यों की जाँच कर भ्रष्टाचार के इस कृत्य के संदर्भ में श्री कुमार से बन्दोबस्त कार्यालय, बांका के पत्र संख्या–1835 दिनांक–13.12.2022 एवं 1876 दिनांक–27.12.2022 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी तथा दाखिल स्पष्टीकरण प्रतियुत्तर को तर्कहीन एवं असंतोषजनक पाये जाने की स्थिति में उक्त शिकायत पर श्री सौरभ कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन को भ्रष्टाचार में लिप्त रहने के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की अनुशंसा अपने पत्र संख्या–77 दिनांक–30.01.2023 द्वारा करते हुए पत्र निदेशालय को प्रेषित किया गया।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक–1403 दिनांक–13.02.2023 द्वारा अपीलार्थी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। अपीलार्थी द्वारा दिनांक–15.02.2023 को स्पष्टीकरण प्रतियुत्तर समर्पित किया गया है। समर्पित स्पष्टीकरण में इन्होंने इन पर लगे आरोपों को निराधार एवं षड्यंत्र के तहत फसाये जाने का उल्लेख किया गया है। अपीलार्थी द्वारा शिकायतकर्त्ता के पिता द्वारा मात्र एक आवेदन साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें श्री विजय सिंह द्वारा यह उल्लेख है कि "गलतफहमी में मेरे बेटे द्वारा वि0 सर्वे0 अमीन पर गलत आरोप लगा दिया गया है", परन्तु उक्त आवेदन की प्रमाणिकता संदिग्ध है।

श्री कुमार, वि0 सर्वे0 अमीन से प्राप्त स्पष्टीकरण पर पुनः बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका से सुस्पष्ट मंतव्य उपलब्ध कराने हेतु निदेशालय पत्रांक–5305 दिनांक–27.06.20203 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके आलोक में बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि श्री कुमार द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण तथ्यहीन एवं भ्रामक है तथा अपने पत्रांक–77 दिनांक–30.01.2023 की प्रति पुनः संलग्न करते हुए श्री कुमार को भ्रष्टाचार में लिप्त रहने तथा ऑडियो क्लीप की पुष्टि करते हुए शिकायतकर्त्ता से पैसे की मांग को प्रमाणित किया गया है। प्राप्त स्पष्ट अनुशंसा के आलोक में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा श्री कुमार का संविदा नियोजन समाप्त किया गया है।

अपीलार्थी का कथन, अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील में निदेशालय का मंतव्य, अभिलेख एवं साक्ष्यों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अपीलार्थी श्री सौरभ कुमार द्वारा रैयतो से फोन/मोबाईल से रिश्वत की मांग करते है। शिविर प्रभारी बाराहाट–1 तथा बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि ऑडियो क्लिप में अपीलार्थी सौरभ कुमार की आवाज है। शिकायतकर्त्ता प्रवीण कुमार द्वारा कॉल डिटेल की स्क्रीनसॉट की कॉपी एवं आडियों क्लिप साक्ष्य के रूप में उपलब्ध है। इस प्रकार अपीलार्थी श्री सौरभ कुमार पर लगा आरोप प्रमाणित है।

अपीलार्थी द्वारा ऐसा कोई तथ्य/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है, जो इन पर लगे आरोप को खंडित करता हो।

उक्त विवेचना के आलोक में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा निर्गत आदेश संख्या–6754 दिनांक–04.09.2023 में किसी प्रकार की हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

अतः श्री सौरभ कुमार, (Emp. ID No.- AEN00480), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बांका द्वारा दायर अपील अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
**अपर मुख्य सचिव–सह–**
**अपीलीय प्राधिकार**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**E-Mail**

**ज्ञापांक**:– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–43/2023..12728........**पटना, दिनांक** :–12/07/2024

**प्रतिलिपिः–** श्री सौरभ कुमार, (Emp. ID No.- AEN00480), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बांका, Email ID- saurabh.darbhangaqms@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक**:– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–43/2023..12728........**पटना, दिनांक** :–12/07/2024

**प्रतिलिपिः–** बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बांका को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–43/2023..12728........**पटना, दिनांक** :–12/07/2024

**प्रतिलिपिः–** प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/7

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–43/2023..12728........**पटना, दिनांक** :–12/07/2024

**प्रतिलिपिः–** निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–43 / 2023 12728 **पटना, दिनांक** :– 12/07/2024

**प्रतिलिपिः**– अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–43 / 2023 12728 **पटना, दिनांक** :– 12/07/2024

**प्रतिलिपिः**– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/7/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप